प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 29.06.2025**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**
**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**आज के मुख्य समाचारः–**

1–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा, भारत स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

2–मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रदेश में फिर से शुरू की चरण पादुका योजना।

3– दुर्ग जिले के जामगांव–एम में करीब साढ़े छत्तीस करोड़ रूपये की लागत से निर्मित आयुर्वेदिक औषधि प्रसंस्करण इकाई का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण।

4–देशभर में सामान्य तिथि से नौ दिन पहले ही सक्रिय हुआ मानसून– मौसम विज्ञान विभाग ने अगले सात दिनों में छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में भारी वर्षा की संभावना जताई।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**मन की बात–01**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी से ''मन की बात'' कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि आज देश की जनता किसी न किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का लाभ ले रही है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की एक रिपोर्ट का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि देश की चौंसठ प्रतिशत से ज्यादा आबादी को किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल रहा है।

**भारत में स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में देश सेचुरेशन की भावना से आगे बढ़ रहा है। ये सामाजिक न्याय की भी उत्तम तस्वीर है। इन सफलताओं ने एक विश्वास जगाया है कि आने वाला समय और बेहतर होगा, हर कदम पर भारत और भी सशक्त होगा।**

श्री मोदी ने कहा कि भारत सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाले दुनिया के सबसे बड़े देशों में शामिल है। प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया, जिसमें भारत को आंखों की बीमारी ट्रेकोमा से मुक्त घोषित किया गया है।

**मन की बात–02**

प्रधानमंत्री ने आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि जनभागीदारी से बड़े से बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आपातकाल लगाने वालों ने न सिर्फ संविधान की हत्या की, बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था। श्री मोदी ने कहा कि इस दौरान कई लोगों को कठोर यातनाएं दी गई, छात्रों को परेशान किया गया और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोटा गया।

**देश पर इमरजेंसी थोपे जाने के 50 वर्ष कुछ दिन पहले ही पूरे हुए हैं। हम देशवासियों ने 'संविधान हत्या दिवस' मनाया है। हमें हमेशा उन सभी लोगों को याद करना चाहिए, जिन्होंने इमरजेंसी का डटकर मुकाबला किया था। इससे हमें अपने संविधान को सशक्त बनाए रखने के लिए निरंतर सजग रहने की प्रेरणा मिलती ळें**

## मन की बात–छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में भी कई स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना और इसे प्रेरणादायी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेकर छत्तीसगढ़ में जनभागीदारी के साथ स्वास्थ्य और प्रकृति की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज मन की बात कार्यक्रम में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चल रहे नवाचारों के बारे में भी बताया।

## मुख्यमंत्री–आयुर्वेदिक औषधि प्रसंस्करण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दुर्ग जिले के जामगांव–एम में करीब साढ़े छत्तीस करोड़ रूपये की लागत से निर्मित आयुर्वेदिक औषधि प्रसंस्करण इकाई का लोकार्पण किया। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित द्वारा यह इकाई लगभग अट्ठाईस एकड़ क्षेत्र में बनाई गई है। इस इकाई से हर वर्ष लगभग पचास करोड़ रूपये मूल्य के उत्पाद तैयार किए जाने का अनुमान है। यह इकाई वनों में पाई जाने वाली औषधीय और लघु वनोपजों से गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक उत्पादों का निर्माण करेगी। साथ ही छत्तीसगढ़ हर्बल्स ब्रांड के तहत प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाने का प्रमुख केंद्र भी बनेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस परियोजना से 'वोकल फॉर लोकल' के तहत दो हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

वहीं, छत्तीसगढ़ राज्य वनोपज सहकारी संघ के प्रबंध संचालक अनिल साहू ने बताया कि यह आयुर्वेदिक औषधि प्रसंस्करण इकाई औषधीय और खाद्य उत्पादों के निर्माण के लिए केंद्रीयकृत सेंटर बनेगा।

## मुख्यमंत्री–चरण पादुका

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दुर्ग जिले के जामगांव–एम में आयोजित कार्यक्रम में ही चरण पादुका योजना की भी शुरूआत की। उन्होंने महिला तेंदूपत्ता संग्राहकों को जूता पहनाकर इस योजना' का फिर से शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि प्रदेश के बारह लाख चालीस हजार से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब इस योजना का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'चरण पादुका योजना' को भाजपा ने अपने संकल्प पत्र "मोदी की गारंटी" में शामिल किया था।

## बिजनेस कॉन्क्लेव एक्सीलेंस अवॉड्‌र्स

दलित चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा रायपुर में आयोजित डॉक्टर आंबेडकर बिजनेस कॉन्क्लेव और एक्सीलेंस अवॉड्‌र्स समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कृषि के साथ उद्योग के लिए भी अनुकूल माहौल बन रहा है। इसका फायदा अनुसूचित जाति–जनजाति वर्ग के उद्यमियों को भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में निवेश के लिए अब तक लगभग साढ़े पांच लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अनुसूचित

जाति–जनजाति वर्ग के नव–उद्यमियों को सम्मानित किया। कॉन्क्लेव में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के आठ सौ से अधिक नव–उद्यमियों ने हिस्सा लिया।

## मुख्यमंत्री–केंद्रीय राज्यमंत्री मुलाकात

केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने आज रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास में मुलाकात की। इस दौरान श्री साय ने श्रीमती ठाकुर के साथ प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित बीजापुर, सुकमा, कांकेर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिलों में नियद नेल्लानार योजना के तहत महिला और बाल विकास विभाग द्वारा एक सौ उनसठ आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है।

## अरूण साव–आपातकाल

संविधान हत्या दिवस के उपलक्ष्य में आज महासमुंद में आयोजित संगोष्ठी में उपमुख्यमंत्री अरूण साव शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साव ने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष उन्नीस सौ पचहत्तर में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र के चारों स्तंभ को कमजोर करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान एक लाख लोगों को जेल में डालकर लोकतंत्र की हत्या की। यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी देशभर में आपातकाल के इस काले दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मना रही है।

## माओवादी गिरफ्तार

नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक माओवादी को गिरफ्तार किया है। इस पर ग्राम जड्डा–मरकुड में आईईडी लगाने की घटना में शामिल रहने का आरोप है। इस मार्ग पर किए गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। जबकि, एक अन्य ग्रामीण घायल हो गया था। यह माओवादी बीते तीन वर्षों से नक्सली संगठन कुतुल एरिया कमेटी में करकाबेड़ा मिलिशिया सदस्य के रूप में सक्रिय था।

## मानसून

देशभर में सामान्य तिथि से नौ दिन पहले ही मानसून सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ सहित झारखंड, ओडिशा, बिहार, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, गोवा, गुजरात और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में अगले सात दिनों के दौरान तेज और मूसलाधार वर्षा की संभावना जताई है।
आकाशवाणी समाचार से बातचीत में भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉक्टर मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि दक्षिण–पश्चिम मानसून देश के सभी हिस्सों में पंहुच गया है। उन्होंने कहा कि मानसून की स्थिति अच्छी है और मध्य भारत के गांगेय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर–पश्चिम भारत में अच्छी वर्षा की उम्मीद है।

## साइबर ठगी–आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में दो आरोपियों को हरियाणा के कुरूक्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने कई लोगों से ऑनलाइन ट्रेडिंग प्रशिक्षण कोर्स के नाम पर साढ़े पच्चीस लाख रूपये से अधिक की ठगी की थी। ठगी की घटना को अंजाम देने के लिए आरोपियों द्वारा विभिन्न मोबाइल नंबर और बैंक खातों का उपयोग किया गया।

**संक्षिप्त समाचार**

**समाचार संक्षेप में ...**

–मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक कल दोपहर बारह बजे मंत्रालय में आयोजित की जाएगी।

–जांजगीर–चांपा जिले के खटोला गांव के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

–वहीं, इसी जिले के नैला–गौशाला के पास ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई।

–आबकारी विभाग और पुलिस की टीम ने निर्धारित समय के बाद भी संचालित किए जा रहे रायपुर के विभिन्न बार और रेस्टोरेंट की जांच कर कार्रवाई की।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>